BHADOHI POLICE

प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही **दिनांक-23.03.2025**

◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

◆प्रचलित विशेष अभियान के दौरान गुमशुदा की बरामदगी के संबंध में जनपदीय पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा स्वयं प्रतिदिन की जा रही है समीक्षा

◆गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी की प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर लाभप्रद जानकारी प्राप्त करने एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु सभी संबंधित पुलिस कर्मियों को दिए जा रहे आवश्यक दिशा-निर्देश

◆विशेष अभियान के दौरान वर्ष 2025 (जनवरी,फरवरी व प्रचलित मार्च) में जनपद में कुल-37 व्यक्तियों (स्त्री,पुरुष) के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर जनपदीय पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए विगत तीन माह में पूर्व के गुमशुदा सहित कुल-53 गुमशुदा व्यक्तियों को किया गया है सकुशल बरामद

◆गुम व्यक्तियों के सम्बन्धित परिजनों द्वारा गुम हुए अपने सदस्यों को अपनों के बीच पाकर पुलिस की तत्परतापूर्ण कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक, भदोही के प्रति आभार प्रकट किया गया

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक जनपद में गुम हुए व्यक्तियों के प्रति बेहद गंभीर व संवेदनशील हैं। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में जनपद में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर उनकी तत्परतापूर्वक सकुशल बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रचलित विशेष अभियान के दौरान गुमशुदा की बरामदगी के संबंध में जनपदीय पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा स्वयं प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी की प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग कर लाभप्रद जानकारी प्राप्त करने एवं सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही हेतु सभी संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

विशेष अभियान के दौरान वर्ष 2025 (जनवरी,फरवरी व प्रचलित मार्च) में जनपद में कुल-37 व्यक्तियों (स्त्री व पुरुष) के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचनाओं पर जनपदीय पुलिस द्वारा तत्समय ही गुमशुदगी दर्ज कर

तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए विगत तीन माह में जनवरी में 20, फरवरी में 22 व मार्च माह में 11 (पूर्व के सहित) कुल-53 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया गया है। गुम व्यक्तियों के सम्बन्धित परिजनों द्वारा गुम हुए अपने सदस्यों को अपनों के बीच पाकर पुलिस की तत्परतापूर्ण कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक, भदोही के प्रति आभार प्रकट किया गया।